झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना परीक्षा, (CMMSS) 2025 के संबंध में आवश्यक सूचना

विज्ञप्ति संख्या – 19/2026

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या– 826 दिनांक–14.03.2019 तथा 340 दिनांक 21.02.2022 के द्वारा झारखण्ड राज्य के राजकीय/राजकीयकृत/कस्तुरबा/मॉडल/प्रोजेक्ट/अल्पसंख्यक/गैर सहायता प्राप्त एवं अनुदानित विद्यालयों में नामांकित एवं नियमित रुप से अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान करने हेतु **मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना** प्रख्यापित किया गया है। इस योजना के तहत चयनित छात्र/छात्राओं को कक्षा–09 से 12 तक छात्रवृत्ति प्रदान की जानी है। छात्रवृत्ति के लिए छात्र/छात्राओं का चयन प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर की जाएगी। प्रतियोगिता परीक्षा के आयोजन हेतु झारखण्ड अधिविद्य परिषद् को अधिकृत किया गया है।

एतद् द्वारा राजकीय/राजकीयकृत/कस्तुरबा/मॉडल/प्रोजेक्ट/अल्पसंख्यक/गैर सहायता प्राप्त एवं अनुदानित विद्यालय के कक्षा– 07 में उत्तीर्ण/कक्षा–08 में अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं, उनके अभिभावकों, संबंधित विद्यालय के प्रधानों एवं संबंधित पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है कि मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना (CMMSS) परीक्षा का आयोजन परिषद् द्वारा किया जा रहा है। परीक्षा के आयोजन हेतु परीक्षा आवेदन प्रपत्र परिषद् के वेबसाइट **jac.jharkhand.gov.in** के **Exam Form Portal Section** माध्यम से ऑनलाइन स्वीकार किया जाएगा। यह प्रतियोगिता परीक्षा निःशुल्क होगी। इस छात्रवृत्ति परीक्षा में सम्मिलित होनेवाले छात्र/छात्राओं की अनिवार्य अर्हता, स्वरुप एवं योजना परिषद् के वेबसाईट पर प्रकाशित किया गया है। आवेदन प्रपत्र भरने का कार्यक्रम निम्नवत् रुप से निर्धारित की जा रही है :–

क्र0 सं0	कार्यक्रम	निर्धारित तिथि
1	परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरने की तिथि	12.03.2026 से 31.03.2026 तक
2.	जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा आवेदन Online सत्यापित करने की तिथि	14.03.2026 से 02.04.2026 तक

इस परीक्षा हेतु प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने तथा परीक्षा के तिथि की घोषणा बाद में की जायेगी।

अध्यक्ष के आदेश से,

JAC/Sch/CMMSS/1092/26-Secy/204/26
Dated – 11.03.2026

ह0/–
सचिव,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्,
राँची।